(c) whether AIKVTA has alleged manupulations in the formation of the panel; and

(d) if so, what are the details thereof and the Government's reaction thereto?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI P. SHIV SHANKER): (a) The interviews were held in December, 1988 and January, 1989.

(b) A panel of 115 candidates has been prepared.

(c) and (d) In a news item dated 12th April, 1989 published in 'Dainik Hindustan', the General Secretary of the All India Kendriya Vidyalaya Teachers Association is reported to have alleged changes in the panel for the posts of Principals in Kendriya Vidyalayas. Selection of Principals was made by a duly constituted committee and there was no change made in the panel prepared by the said committee.

मास्टर प्लान के अधीन मध्य प्रदेश में हवाई अड्डों का विकास

287 **श्री अजीत जोगी**: क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अंतर्राष्ट्रीय भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (इन्टर नेशनल एयरपोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया) ने देश के विभिन्न हवाई अड्डे के आधुनिकीकरण और विकास के लिए जो मास्टर प्लान बनाया है उसमें मध्य प्रदेश के किसी भी हवाई अड्डे को शामिल नहीं किया गया है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या मध्य प्रदेश के किसी हवाई अड्डे को इसमें शामिल किए जाने के लिए मास्टर प्लान में कोई संशोधन किए जाने का विचार है?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री: (श्री शिवराज पाटिल): (क) से (ग) चूंकि मध्य प्रदेश के मौजूदा हवाई अड्डे राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण के क्षेत्राधिकार में आते हैं, इसलिए राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने अपनी भावी योजना में विकास और आधुनिकीकरण करने के लिए उचित स्कीमें शामिल की हैं।

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के छात्रों द्वारा आन्दोलन

288. **श्री अजीत जोगी**: क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा) के आन्दोलनरत छात्रों ने एक जुलस निकाला था और 10 अप्रैल, 1989 को सरकार को एक ज्ञापन दिया था;

(ख) यदि हां, तो उस पर सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है;

(ग) विद्यालय को बन्द किए जाने के क्या कारण हैं;

(घ) इस संस्था को पुनः खोलने के लिए क्या पहल की गई है और इसके पुनः कब तक खोले जाने की सम्भावना है?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री पी० शिव शंकर): (क) जी, हां।

(ख) सरकार नियमित रूप से स्थिति का अनुवीक्षण कर रही है। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के शासी निकाय-राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय सोसायटी तथा हाल ही में गठित उस उच्च स्तरीय समिति में भी सरकार का प्रतिनिधित्व है, जिसे संबंधित मामलों की जांच करने तथा शीघ्र ही अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। छात्रों की हड़ताल समाप्त करने के उद्देश्य से 16 अप्रैल, 1989 को राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय सोसायटी की एक विशेष बैठक बुलाई